**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-05 का उत्तर।**

--------------------------

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 05 | (क) क्या नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश में गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले लोग रहते हैं? | जी हाँ। |
| | (ख) यदि हाँ, तो गरीबी की रेखा के मानक क्या हैं? | समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत शासनादेश दिनांक 14.09.2015 के अनुसार भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के पत्र दिनांक 26.08.2015 द्वारा गरीबी अनुमान 2011-12 के अनुसार शहरी क्षेत्र में रु0 941.00 मासिक आय के आधार पर 05 व्यक्तियों के परिवार हेतु गरीबी रेखा की आय सीमा के अन्तर्गत रु0 56460.00 वार्षिक आय का निर्धारण किया गया है।<br>दीन दयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) के अन्तर्गत नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग द्वारा वृहद संख्या में गरीबों को लाभान्वित किये जाने हेतु शासनादेश दिनांक 24.08.2015 द्वारा शहरी गरीबों के हित में रु0 1.00 लाख प्रति परिवार तक की वार्षिक आय निर्धारित है। |
| | (ग) क्या दिनांक 01 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2022 के बीच वर्षवार गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों की संख्या में बढोत्तरी हुई हैं? | 01 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2022 तक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनान्तर्गत 26,07,348 परिवारों को लाभान्वित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न वर्षो में सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरन्तर प्रयास कर गरीबी उन्मूलन किया गया है। भारत सरकार के प्लानिंग कमीशन 2012 के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 2004-05 में 34.1 प्रतिशत, 2009-10 में 31.7 प्रतिशत, 2011-12 में 26.1 प्रतिशत, जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे थी। उक्त आंकडों से गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में क्रमिक रूप से कमी प्रदर्शित हो रही है। वर्तमान में गरीबी रेखा के अद्यतन आंकडे विभाग में उपलब्ध नही हैं। |
| | (घ) यदि हाँ, तो क्या गरीबी नियंत्रण के लिए विशेष उपाय करने पर विचार करेंगे? | नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा शहरी गरीबों के सर्वागीण विकास हेतु विभिन्न गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों/योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि योजनाओं का वृहद स्तर पर कार्यान्वयन कराया जा रहा है, जिससे शहरी गरीबों के जीवन स्तर में सुधार का पूर्ण प्रयास किया जा रहा है। |
| | (ड.) यदि हाँ, तो क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रेखेंगे? | उपरोक्तानुसार |
| | (च) यदि नहीं, तो क्यों? | गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर जीवन स्तर में सुधार का प्रयास किया जा रहा है। |

**ए. के. शर्मा**
मंत्री,
नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।